आईआईएम रांची का 11वां कन्वोकेशन 22 को, 352 छात्रों को मिलेगी डिग्री

रांची | आईआईएम रांची का 11वां कन्वोकेशन 22 अप्रैल को होगा। इसमें सत्र 2020-22 के एमबीए, एमबीए एचआर, एग्जिक्यूटिव एमबीए, पीएचडी व एग्जिक्यूटिव पीएचडी के कुल 352 छात्रों को डिग्री दी जाएगी। इनमें एमबीए प्रोग्राम के 254 छात्र, एमबीए एचआर के 72, एग्जीक्यूटिव एमबीए के 23, पीएचडी के एक और एग्जीक्यूटिव पीएचडी के दो छात्र शामिल होंगे। एमबीए, एमबीए एचआर व एग्जिक्यूटिव एमबीए के 9 टॉपरों को मेडल दिया जाएगा। फर्स्ट रैंक वाले छात्र को बीओजी चेयरमैन मेडल, सेकेंड रैंक वाले छात्र को डायरेक्टर्स मेडल व थर्ड रैंक वाले को प्रोग्राम चेयरपर्सन मेडल से नवाजा जाएगा। मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, विशिष्ट अतिथि आनंद कृपालु होंगे।

Dainik Bhaskar, 19.04.2023, Pg. 03